## उच्चतम न्यायालय ने दिया आदेश, शेल्टर होम में रखे आवारा डॉग्स

# मुसीबत बना डॉग बाइट के बढ़ते मामले



**जबलपुर, नवभारत।** इन दिनों शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ गया है। बात करे अगर जबलपुर की तो ये मध्य प्रदेश के उन दो शहरों में शामिल है जहां सबसे ज्यादा कुत्तों के काटने के मामले सामने आते हैं। एक अनुमान के अनुसार शहर में करीब 50 हजार से अधिक आवारा कुत्ते हैं। हर दिन औसतन 15 लोग इनके हमले का शिकार बनते हैं। आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर 2025 तक लगभग 400 डॉग बाइट केस दर्ज किए गए। बता दे कि उच्चतम न्यायालय में डॉग बाइट मामले की सुनवाई के दौरान भी जबलपुर का जिक्र हुआ था।

### शेल्टर होम में रखे जाएं

उच्चतम न्यायालय ने आवारा कुत्तों को स्कूलों, अस्पतालों, रेलवे स्टेशन और बस अड्डों जैसे सार्वजनिक स्थलों से हटाकर शेल्टर होम में रखने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस विक्रम नाथ, संदीप मेहता और एन. वी. अंजारिया की पीठ ने आदेश दिया कि सभी राज्यों में संयुक्त अभियान चलाकर आवारा पशुओं को सड़क और संस्थानों से हटाया जाए। अदालत ने कहा कि सभी सरकारी परिसरों में बाड़ लगाई जाए ताकि कुत्ते अंदर न आ सकें और आठ हफ्तों के भीतर रिपोर्ट सौंपी जाए। सामाजिक संस्थाएं और आम नागरिक उम्मीद कर रहे हैं कि निगम जल्द ठोस कदम उठाएगा ताकि बढ़ते डॉग बाइट के मामलों पर रोक लग सके और शहरवासियों को राहत मिल सके।

### आमजनों की प्रतिक्रियाएं

शहर के पॉश एरिया के स्थानीय निवासी भी डर के माहौल में जी रहे हैं।

वही आमजन बच्चों को बाहर खेलने भेजने से भी कतरा रहे हैं।

अस्पतालों में एंटी-रेबीज वैक्सीन की मांग बढ़ गई है।

लोगों का आरोप है कि स्थानीय प्रशासन इस समस्या को नियंत्रित करने में विफल रहा है।

### ये कार्यवाही हुई है

शहर में बढ़ते डॉग बाइट के मामले की गंभीरता को देखते हुए महापौर जगत बहादुर सिंह ने 21 सदस्यीय समिति गठित की है, जिसमें निगम अधिकारी, आवारा कुत्ते पकड़ने और नसबंदी करने वाली टीमों के साथ वेटरनरी विभाग के अधिकारी भी शामिल हैं। महापौर ने बताया कि शहर में नसबंदी अभियान को और तेज किया जाएगा, हालांकि डॉग लवर्स के विरोध के कारण अभियान में दिक्कतें आती हैं।

### इनका कहना है



आवारा कुत्तों का आतंक शहर में बहुत बढ़ गया है जो आम लोगों के लिए। मुसीबत बनती जा रही है।

**सुनील जैन**



डॉग बाइट अब दिनों दिन प्रशासन के लिए खतरे की घंटी बनता जा रहा है। निगम को जल्द ही इसपर एक्शन लेना चाहिए

**सुनील झारिया**

# एक साथ 4 प्रसाधन केन्द्रों का भूमिपूजन होगा

▶ **स्वच्छता, सौन्दर्यीकरण के कार्य होंगे, 19 नवम्बर को नगर निगम द्वारा मनाया जायेगा विश्व टॉयलेट दिवस**



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश शासन के द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अंतर्गत विश्व टॉयलेट दिवस 2025 के अवसर पर दिनांक 19 नवम्बर के पूर्व शहर के सभी सामुदायिक और सार्वजनिक शौचालयां में स्वच्छता अभियान चलाकर परिसर को सौन्दर्यीकृत करने के कार्य कराये जायेगें इसके साथ-साथ उस दिन एक साथ 4 शौचालयों के निर्माण के लिए भूमिपूजन किया जायेगा, साथ ही पुराने सभी टॉयलेट को अपडेट करने की भी बड़ी तैयारी है।

महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य है कि नागरिकों को टॉयलेट के अंदर एवं बाहर स्वच्छ वातावरण मिले और सुविधाएँ अच्छी मिले इसके लिए नगर निगम द्वारा विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। इस संबंध में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के द्वारा बैठक कर विश्व टॉयलेट दिवस के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की और संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

समीक्षा बैठक में महापौर ने कहा कि स्वच्छता केवल स्वास्थ्य से जुड़ा विषय ही नहीं है बल्की यह नागरिकों की गरिमा, सुरक्षा और सामाजिक समावेशन का भी प्रतीक है। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं और बालिकाओं के लिए सुरक्षित एवं सुविधाजनक शौचालयों की उपलब्धता के बारे में बतलाया कि यह एक बुनियादी आवश्यकताएँ हैं। इस अवसर पर महापौर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को व्यापक तैयारियाँ करने के निर्देश दिये। बैठक में निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि विश्व टॉयलेट दिवस के पूर्व नए सिंगल शीटर टॉलेट एवं यूरीनल की भी मरम्मत कराई जायेगी। उन्होंने बताया कि गौरीघाट के सभी तटों पर चेंजिंग रूम की भी व्यवस्थाएँ बेहतर बनाई जायेगी।



# आठ माह पहले हुई परीक्षा के नहीं आए परिणाम

**नवभारत, जबलपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जबलपुर महानगर द्वारा रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय तथा इसके अंतर्गत आने वाले महाविद्यालयों की गंभीर शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं आधारभूत समस्याओं को लेकर कुलसचिव को 13 सूत्रीय मांगों से युक्त ज्ञापन सौंपा गया। परिषद ने इन समस्याओं के समाधान हेतु विश्वविद्यालय प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

मुख्य समस्याएँ एवं मांगें हैं कि बीएससी (सीएस) द्वितीय वर्ष एवं बीए द्वितीय वर्ष की परीक्षाएँ लगभग आठ माह पूर्व सम्पन्न हो चुकी हैं, परंतु परिणाम अब तक घोषित नहीं किए गए, इसके उत्तर में परीक्षा नियंत्रक का कहना है कि कुछ उत्तर पुस्तिका के बंडल घुम गए हैं मिल जाएँगे तो रिजल्ट आजायेगा विद्यार्थियों ने जब विरोध किया तो उन्होंने कहा की बंडल मिल गया है और 7 दिनों में परिणाम घोषित हो जाएगा, इसके अलावा एलएलबी के रिजल्ट में सैंकड़ों विद्यार्थियों के रिजल्ट में ऐब्सेंट लिखा आया है, इसका कड़ा विरोध विद्यार्थी परिषद ने जताया। अभाविप के प्रदेश मंत्री माखन शर्मा ने कहा कि परीक्षा नियंत्रक महोदया का इस प्रकार का बयान उनकी लापरवाही एवं प्रशासनिक फेलियर को उजागर करता है, शर्मा ने कहा कि जब विश्वविद्यालय 12 घंटों में रिजल्ट निकाल सकता है तो 8 माह से परीक्षा परिणाम क्यों नहीं घोषित किये अभाविप ने उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी है। प्रदर्शन के दौरान एबीवीपी के प्रदेश मंत्री माखन शर्मा , महानगर मंत्री आर्यन पुंज, ऐश्वर्य सोनकर,अनमोल सोनकर, शोभित मिश्रा,मान्या पांडेय , तृषा पांडेय ,सत्यम पटेल, आशुतोष पटेल ,भास्कर पटेल , लखन मांझी , प्रफुल तिवारी , सूर्यांश ठाकुर ,यश पटेल एवं सैंकड़ों की संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे ।

## मरीजों को झेलनी पड़ रही भारी परेशानी

# नियुक्ति के बावजूद नहीं है दंत चिकित्सा की सुविधा




**नवभारत,मझौली।** मझौली क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचव्ह्यसी) में सरकारी स्तर पर दंत चिकित्सक की नियुक्ति होने के बावजूद भी दंत चिकित्सा की कोई व्यवस्था नहीं है। अस्पताल में न तो दंत उपचार के लिए आवश्यक उपकरण उपलब्ध हैं, न ही मरीजों को राहत देने के लिए जरूरी दवाइयाँ। परिणामस्वरूप, ग्रामीण इलाकों के सैकड़ों मरीज निजी क्लिनिकों की शरण लेने को मजबूर हैं। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक, सीएचसी मझौली में न तो डेंटल चेयर, न स्टरलाइज़ेशन यूनिट, न दंत उपकरण किट, और न ही उपचार हेतु पर्याप्त दवाएँ मौजूद हैं। स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों ने स्वास्थ्य विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है।

### सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं

ग्रामीणों का कहना है कि स्वास्थ्य केंद्र में अन्य विभागों की व्यवस्था तो किसी हद तक ठीक है, लेकिन दंत चिकित्सा का कोई नामोनिशान नहीं है क्षेत्रीय जनता ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से माँग की है कि मझौली सीएचसी में दंत चिकित्सा की पूरी सुविधा उपकरण, दवाएँ, सहायक स्टाफ और नियमित जांच व्यवस्था तत्काल उपलब्ध कराई जाए।

लोगों का कहना है कि सरकारी अस्पतालों का मकसद गरीब और जरूरतमंद मरीजों को राहत देना है, न कि उन्हें निजी क्लिनिकों के भरोसे छोड़ देना।

### इनका कहना है

हर बार उम्मीद लेकर अस्पताल पहुँचते हैं, लेकिन निराश होकर लौटना पड़ता है। डॉक्टर तो हैं, लेकिन इलाज की कोई व्यवस्था नहीं। बस कहा जाता है कि बाहर से इलाज करा लीजिए।

**रामप्रसाद चौधरी**
**स्थानीय निवासी**

अगर सरकार ने दंत चिकित्सक की नियुक्ति की है, तो फिर सुविधाएँ क्यों नहीं दी जा रहीं? यह जनता के पैसे की बर्बादी और स्वास्थ्य सेवाओं के साथ खिलवाड़ है।

**सुषमा तिवारी**
**सामाजिक कार्यकर्ता**

सरकारी स्वास्थ्य केंद्र जनता की उम्मीदों का सहारा हैं। अगर यहाँ भी इलाज न मिले, तो आमजन कहाँ जाएँ?

**शिवकुमार मिश्रा**
**मझौली निवासी**




# जागरुकता रैली का आयोजन किया गया

**नवभारत, जबलपुर।** नेताजी सुभाष चन्द्र बोस (एन.एस.सी.बी.) मेडिकल कॉलेज, जबलपुर में वन हेल्थ - मानव, पशु एवं पर्यावरण के कल्याण हेतु एकता विषय पर एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद राष्ट्रीय जनजातीय स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान (आईसीएमआर-निर्थ), जबलपुर एवं इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन (आईएपीएसएम) के सहयोग से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में कुल 400 विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया, जिनमें 200 मेडिकल छात्र, 100 नर्सिंग छात्र एवं 100 पैरामेडिकल छात्र शामिल थे। रैली का शुभारंभ कॉलेज प्रांगण से आईसीएमआर-निर्थ परिसर तक किया गया। प्रतिभागियों ने वन हेल्थ दृष्टिकोण की महत्ता को दर्शाते हुए बैनर, पोस्टर एवं तख्तियाँ लेकर जन-जागरूकता फैलाई। विद्यार्थियों ने मानव, पशु एवं पर्यावरण के बीच सामंजस्य का संदेश देने वाले नारे उत्साहपूर्वक लगाए। इस अवसर पर कॉलेज के प्रभारी डीन डॉ. आशीष सेठी, सामुदायिक चिकित्सा विभागाध्यक्ष (एच.ओ.डी.) डॉ. राजेश तिवारी, मेडिकल सुपरिन्टेन्डेन्ट डॉ. अरविन्द शर्मा, डॉ. ऋचा शर्मा,डॉ नम्रता दुबे,डॉ प्रशांत,डॉ आकांशा,डॉ कुलदीप डॉ सुनीता इत्यादिउपस्थित रहे तथा कार्यक्रम का सफल आयोजन एवं संचालन संस्थागत नोडल अधिकारी डॉ. शशि प्रभा तोमर, प्रोफेसर, सामुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया।

# एसपी ने जनरल परेड का लिया जायजा



**जबलपुर।** पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय द्वारा पुलिस लाईन्स स्थित परेड ग्राउंड जनरल परेड का निरीक्षण किया गया। एसपी के परेड ग्राउंड पहुंचने पर रक्षित निरीक्षक जय प्रकाश आर्य द्वारा सलामी दी गयी, तत्पश्चात परेड प्रारम्भ हुई। जनरल परेड के बाद अधिकारी, कर्मचारियों का निरीक्षण करते हुये अच्छे टर्नाउट वाले कर्मचारियों को पुरूस्कृत किया गया। इसके बाद प्लाटूनों द्वारा की गयी अलग-अलग ड्रिल व आर्म्स ड्रिल एवं यातायात प्लाटून द्वारा की गयी मैनुअल यातायात संकेत ड्रिल को देखा गया। परेड पश्चात आप पुलिस लाईन कार्यालय पहुंचे जहॉ आपको क्वाटरगार्ड में क्वाटर द्वारा सलामी दी गयी। जनरल परेड पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जोन 2 सुश्री पल्लवी शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात सुश्री अंजना तिवारीर सहित जिले में पदस्थ समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी शहर,देहात सहित थानो से लगे 265 अधिकारी,कर्मचारी उपस्थित थे।

# ओवरटेक कर युवक पर हमला, सोने की चैन गिरी

**जबलपुर।** लार्डगंज थाना अंतर्गत 41 नंबर स्कीम जीरो डिग्री पुलिस चौकी यादव कॉलोनी के पास बदमाशों ने ओवरटेक करते हुए तीन दोस्तों को रोक लिया और एक पर डंडे, धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस बीच युवक की सोने की चैन गिर गई जो नहीं मिली। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक उदय जैन निवासी गोपालबाग कातवाली ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह भोपाल विजन आईएएस एकेडमी में कोचिंग कर रहा है। एक नवम्बर को अपने घर जबलपुर आया था। गुरूवार को दोस्त राघव जायसवाल और शुभम जाधव के साथ अंहिसा चौक विजय नगर से मोमोस खा कर वापस लौट रहा था लगभग रात्रि 10.15 बजे जैसे ही 41 नंबर स्कीम जीरो डिग्री पुलिस चौकी यादव कालोनी पहुंचा तो राघव जायसवाल की गाडी को अज्ञात चार लडको ने अपनी गाडी से ओवरटेक किया इस बात चोरों विवाद करने लगे।

# अमानत में ख्यानत कर टैक्टर ट्राली हड़पी

**जबलपुर।** टैक्टर ट्राली किराये से लेकर वापस न करते हुये अमानत में ख्यात कर हड़पने वाले के खिलाफ गोसलपुर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि भागचंद राय 54 वर्ष निवासी पौड़ी खुर्द (अतरिया) व अन्य किसान गुलाब राय के द्वारा संयुक्त रूप से लिखित शिकायत की उसका टेक्टर क्रमांक एमपी 20 जेड वी 1369 जिसे उसका भतीजाा चंद्रिका प्रसाद राय निवासी पौड़ीखुर्द के माध्यम से 9 अक्टूबर 25 का दीपक पुरी गोस्वामी निवासी इंद्राना थाना मझौली 25 हजार रूपये मासिक किराया पर मय टेक्टर ट्राली के जबलपुर रिंग रोड में काम में लगाने के लिये दिया था दीपक पुरी गोस्वामी ने टेक्टर किराये पर लेने का आनलाईन अनुबंध किया है आज दिनांक तक दीपक पुरी गोस्वामी ने न ही उसे पैसा दिया और न ही उसका ट्रेक्टर ट्राली वापस किया।

# कलेक्टर- एसपी पहुंचे गैरीसन ग्राउंड

▶ **जनजातीय गौरव दिवस की तैयारियों का लिया जायजा**



**नवभारत, जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह और पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस पर जबलपुर के सदर स्थित गैरीसन ग्राउंड में प्रस्तावित राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगमन प्रस्तावित है, अतः कार्यक्रम की गरिमा को देखते हुए मंच, पंडाल, बैठक व्यवस्था, प्रदर्शनी आदि सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी करें। गैरीसन ग्राउंड से वापस आकर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हितग्राहियों को लाने के लिए बसों की व्यवस्था के साथ ही अन्य आवश्यक विषयों पर विस्तार से चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्र./ 248/ अ-6/2025-26
**आम इश्तहार**
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कांति अग्रवाल कृष्ण कुमार अग्रवाल निवास नेपियर टाऊन मार्ग - मोहित काम्प्लेक्स के सामने ने नजूल ब्लाक नं. 105 प्लाट नं. 11/1 रकवा 4137 व.फु./हे. ग्राम गलगला प.ह.नं. खसरा नं रकवा 4137 व.फु. /हे. पर विक्रयपत्र / हक त्याग / वसीयतनामा / दानपत्र/ वारसान हक / दिनांक 07/08/1988 मृत्यु दिनांक 01/09/1988 को हो जाने के कारण वारसान हक / क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।
प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा / पटवारी / डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. 105. प्लाट नं. 11/1 रकवा 4137 व.फु./हे. ग्राम गलगला प.ह.नं. खसरा नं रकवा 4137 .व.फु./हे.पर के नाम दर्ज है।
अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 10/11/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियम दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
इश्तहार आज दिनांक 25/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक :- 25/10/2025
पेशीं दिनांक :- 10/11/2025
सील
**तहसीलदार**
**रांझी, जबलपुर (म.प्र.)**

# जिन्हें नहीं मिली दुकानें, उन्हें मिलेगी अस्थाई जगह

▶ **मटर खरीदी की व्यवस्था को लेकर हुई बैठक**



**नवभारत,जबलपुर।** जिले में हरा मटर के व्यवसाय की आवश्यक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के संबंध में अनुविभागीय राजस्व अधिकारी अभिषेक सिंह की अध्यक्षता में विजय नगर मंडी में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक विगत वर्ष की भांति ग्राम औरिया- करमेता में इस वर्ष भी हरा मटर के क्रय-विक्रय के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं पर केंद्रित थी। चर्चा के दौरान यह बताया गया कि औरिया-करमेता में पहले से ही 119 दुकानें आवंटित हैं। जिन व्यापारियों को अभी तक दुकान आवंटित नहीं हुई है, उन्हें अस्थायी रूप से स्थल प्राप्त करने के लिए 15 नवम्बर तक आवेदन प्रस्तुत करने की कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। सभी मटर व्यवसायियों ने अतिरिक्त प्रांगण औरिया- करमेता में मटर व्यवसाय करने के लिए अपनी सहमति प्रदान की। बैठक में सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति जबलपुर, राजेश सैयाम, कृषि उपज मण्डी व्यापारी संघ के अध्यक्ष, अजीत साहू, जबलपुर थोक सब्जी मण्डी व्यापारी संघ के अध्यक्ष, साबिर उस्मानी और जावेद राईन, तथा अन्य मटर व्यवसायी, मण्डी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सम्पत्तिकर की राशि बकाया, बारात घर सील

**जबलपुर।** मदन महल वार्ड स्थित सत्य प्रकाश सिंह का बारात घर पर सम्पत्ति कर बकाया होने पर तालाबंदी की कार्रवाई की गयी। बाजार अधीक्षक दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि नोटिस देने के उपरांत भी मदन महल स्थित सत्य प्रकाश सिंह का बारात घर द्वारा बकाया राशि 1 लाख 90 हजार 1 सौ 88 रूपये जमा न करने पर तालाबंदी की कार्रवाई की गयी। नगर निगम ने करदाताओं से अपील की है कि समस्त बकाया करों की राशि जमा कर विकास कार्यो में सहयोग करें और निगम की अप्रिय कार्यवाही से बचें।

**पश्चिम मध्य रेल**
**विद्युत (सामान्य शाखा) खुली निविदा**
मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत सामान्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्न लिखित कार्यो हेतु आवेदन निर्धारित निविदा फार्म पर खुली निविदा आमंत्रित करता है। **निविदा सूचना कमांक** : जबल-एल-टी-न. 27-2025 दिनांक 29.10.2024, **कार्य का नाम लोकेशन सहित** : 03 विविध कार्यों का विद्युतीकरण (i) इटारसी-गरड़वाड़ा सेक्शन में प्रस्तावित 6 नंबर (748/21-23 किमी, गुर्रा, गुर्रमखेड़ी स्टेशन और गेट नंबर 231, 234, 238, 246) पर टूल रूम का निर्माण (ii) मझगवां में 10 बिस्तरों वाले आरपीएफ बैरक का निर्माण (iii) सतना में रनिंग रूम के लिए 20 बिस्तरों वाले कमरों का निर्माण ।, **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत रूपयें में)** : Rs..2017031.88, **निविदा फार्म की कीमत (रूपये में)** : 0.00/-, **कार्यालय का पता जहां टेन्डर फार्म खरीदा जा सकता है।** वरि मंडल विद्युत अभियंता/सामान्य/जबलपुर, **बयाना राशि रूपये** : Rs. 40400.00, **समापन अवधि(माह/वर्ष)** : 6 माह, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15.00 बजे तक)** : 24/11/2025, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15.30 बजे तक** : 24.11.2025, **निविदा सूचना कमांक** : जबल-एल-टी-न. 28-2025 दिनांक 03.11.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित** : नवीनीकरण और मरम्मत कार्य (i) विद्युत विभाग (पीसीईई कार्यालय) एडीईएन (मुख्यालय) उप प्रभाग के अंतर्गत नई जीएम बिल्डिंग जबलपुर की तीसरी मंजिल (ii) एडीईएन (मुख्यालय) उप प्रभाग के अंतर्गत जीएम कोर बिल्डिंग जबलपुर में चिकित्सा विभाग मुख्यालय कार्यालय ।, **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत रूपयें में)** : Rs.2351154.11, **निविदा फार्म की कीमत (रूपये में)** : 0.00/-, **कार्यालय का पता जहां टेन्डर फार्म खरीदा जा सकता है।** वरि मंडल विद्युत अभियंता/सामान्य /जबलपुर, **बयाना राशि रूपये** : Rs. 47000.00, **समापन अवधि (माह/वर्ष)** : 4 माह, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15.00 बजे तक)** : 27/11/2025, **निविदा जमा करन की तिथि एवं समय (15.30 बजे तक** : 27.11.2025, निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे वेब साइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है पूर्ण निविदा प्रपत्र उक्त वेब साइट से डाउन लोड की जा सकती है।
**हस्ता.**
**कृते वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर**
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## श्रीमति राम दुलारी दुबे का निधन



**जबलपुर।** संजय नगर आधारताल निवासी स्व. कमल प्रसाद दुबे की पत्नीश्रीमति राम दुलारी का निधन हो गया। वे 89 साल साल की थी, उनका अंतिम संस्कार शोभापुर श्मशानघाट में संपन्न हुआ।

# 300 दिन अर्जित अवकाश नगदीकरण का नहीं मिल रहा लाभ

▶ **शासन का आदेश का नहीं हो रहा पालन, ज्ञापन सौंपा**



**नवभारत जबलपुर।** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जबलपुर ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि मध्यप्रदेश शासन वित विभाग की अधिसूचना कमांक एफ-6-1/2018/ नियम / चार दिनांक 28 जुलाई 2018 से म.प्र सिविल सेवा (अवकाश) नियम 25 को संशोधित करते हुए शासकीय सेवकों को अर्जित अवकाश के संचयन की अधिकतम सीमा 240 दिवस के स्थान पर 300 दिवस की गई है। उपरोक्त आदेश से शासकीय सेवकों अथवा सेवा में रहते हुए मृत्यु होने पर अर्जित अवकाश की अधिकतम सीमा 300 दिवस निर्धारित करता है, परंतु इस आदेश का पालन न करते हुए पूर्व में प्रदाय अनुसार अर्जित अवकाश की गणना दो वर्ष पर 15 दिवस एवं एक वर्ष पर 7 दिवस अनुसार की जा रही है, जिससे कर्मचारियों को अपनी सेवाकाल 33 वर्ष अधिकतम सेवा करने के पश्चात् भी गणना पत्रक अनुसार 32 वर्ष पर 2 वर्ष के लिए 15 दिवस अनुसार 16 .15 = 240 दिन और 1 वर्ष के लिए 7 दिवस अर्थात कुल 247 दिवस अर्जित अवकाश की ही पात्रता होती है। कर्मचारी को 33 वर्ष की सेवा करने के उपरांत भी 300 दिवस की अर्जित अवकाश नगदीकरण की पात्रता नहीं दी जाती है। अतः शासन का 300 दिवस का अर्जित अवकाश नगदीकरण मात्र एक छलावा है, जिससे प्रत्येक सेवानिवृत्त होने एवं मृत्यु हो जाने पर कर्मचारियों को बहुत अधिक आर्थिक नुकसान हो रहा है, कर्मचारियों को लगभग 50 से 60 दिवस का कम अर्जित अवकाश नगदीकरण प्राप्त हो रहा है ।

मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के अटल उपाध्याय, देवेन्द्र पचौरी, आलोक अग्निहोत्री, ब्रजेश मिश्रा, संदीप नंदा छाया पवार, निशांक तिवारी, वीरेन्द्र चंदेल, शैलेन्द्र दुबे आदि ने डिप्टी कलेक्टर रघुवरी सिंह मरावी को कलेक्टर जबलपुर के नाम ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि राज्य शासन के सभी कर्मचारियों को 300 दिवस का अर्जित अवकाश नगदीकरण का लाभ प्रदान किया जाये।

## यूकां चुनाव में शुभम राजा श्रीवास्तव ने दर्ज की जीत



**नवभारत,पनागर।** युवक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष चुनाव पद पर शुभम राजा श्रीवास्तव श्रीवास्तव ने सर्वाधिक मतों से जीत दर्ज की है। आप वरिष्ठ कांग्रेस नेता विनोद श्रीवास्तव के पुत्र हैं। चुनाव जीतने पर विमल जैन राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि, नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, नगर पालिका उपाध्यक्ष महेंद्र चक्रवर्ती, पार्षद तुलसी राम कुशवाहा, मुकेश गोटिया, बेड़ी लाल कुशवाहा ने हर्ष व्यक्त किया है।